# डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी

## डी.ए.वी. एल्यूमनी एसोसिएशन

डीएवी एल्युमनी एसोसिएशन महाविद्यालय स्तर पर गठित पुरातन छात्र परिषद है। महाविद्यालय पुराछात्र समिति के सदस्य एवं संकायवार नामित दो–दो पुराछात्र इसके स्थायी सदस्य हैं। बाकी संकायवार नामित पुराछात्र 'एसोसिएशन' के साधारण सदस्य होंगे। एल्युमनी एसोसिएशन के सदस्यों का निर्धारण प्राचार्य एवं महाविद्यालय पुरातन छात्र समिति के सहयोग से होगा।

### एसोसिएशन का उद्देश्य

- महाविद्यालय के पुराछात्रों को जोड़कर विचार–विमर्श आयोजित करना
- वर्षवार अपने पुराछात्रों के साथ नियमित बैठक आयोजित करना और उनका सलाह मार्गदर्शन लेना।
- प्रतिवर्ष संकायवार कुछ चुनिन्दा पुराछात्रों को सम्मानित पुरस्कृत करना।
- महाविद्यालय के पुराछात्रों की सहभागिता से कार्यक्रम (सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाश्ता जलपान आदि) आयोजित करना
- देश भर में फैले पुरातन छात्रों को महाविद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराना एवं पुरातन छात्र के उपलब्धियों से परिचित होना
- पुरातन छात्रों के सहयोग से महाविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों का विस्तार करना
- महाविद्यालय के पुरातन छात्रों और वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच सेतु स्थापित करना
- पुरातन छात्रों को अपनी मातृ संस्था से अधिकाधिक जोड़ने का प्रयास करना
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में सुधार के लिए पुराछात्रों से रचनात्मक सहयोग की पहल करना

**एल्यूमनी एसोसिएशन की सदस्यता सहयोग राशि का विवरण –**

साधारण सदस्यता : रू. 1,000/–मात्र और मानद सदस्यता : रू. 5,000/–मात्र

(**सदस्यता राशि** एल्यूमनी एसोसिएशन की भावी योजनाओं के निमित्त सहयोग राशि है। सभी पुराछात्र रू. 1,000/–मात्र की सहयोग राशि जमा कर अपनी मातृसंस्था से संबद्ध पुराछात्र परिषद की सामान्य सदस्यता हासिल कर सकते हैं। मानद सदस्यता राशि रू. 5,000/–मात्र है। मानद सदस्य अपने सलाह, सुझाव और सक्रिय भागीदारी से एसोसिएशन के भावी गतिविधियों को क्रियान्वित करने में हमारे विशिष्ट सहयात्री होंगे।)

सहयोग के लिए बैंक विवरण निम्नवत् है:–

| | |
|---|---|
| **Name-** | **DAV PG College Alumni Council** |
| **Account No.** | **3401000109152073** |
| **IFSC Code-** | **PUNB340100** |
| **Bank's Name-** | **Punjab National Bank, Vishshwarganj Branch, Varanasi-01** |

**पुराछात्र साथियों से अपील!**

आपको अवगत कराते हुए खुशी हो रही है कि डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी का पुराछात्र मंच 'डीएवी एल्युमनी एसोसिएशन' स्वाधीनता के अमृत महोत्सव वर्ष में आप सभी साथियों के साथ मिलकर कुछ विशिष्ट कार्यक्रम की योजना बना रहा है। अपने पुराछात्रों के साथ संवाद सम्मेलन का हमें इंतजार रहता है क्योंकि हम आपके मार्फत महाविद्यालय के गौरवशाली अतीत की झांकी देखते हैं। हम जानते हैं कि अपनी मातृसंस्था से जुड़ने की गहरी आकांक्षा आप सबके भीतर भी है और यह आकांक्षा सहज स्वाभाविक है। हमें आपकी उम्मीदों का ख्याल है और हरदम रहेगा।

दरअसल यह संस्थान आप सबके लिए सिर्फ ज्ञानार्जन का केन्द्र भर नहीं रहा बल्कि जीवन यात्रा को परिवर्तित–संवर्धित करने वाला अल्मा माटा (Alma-Mater Studiorum : Nurturing mother of studies) है। सीखने–सीखाने की अपनी लम्बी यात्रा में हमने कोशिश की है कि देश के विभिन्न हिस्सों से आये अपने छात्रों को सिर्फ परम्परागत ज्ञान और पाठ्यक्रमवार उपाधि भर नही दें बल्कि भविष्य के लिए बौद्धिक पोषण भी दें। यह बौद्धिक पोषण आगामी जीवन यात्रा के लिए ऊर्जा और प्रेरणा का श्रोत साबित हो–ऐसा हमारा संकल्प है। डीएवी पीजी कॉलेज से जुड़े आप सभी साथी हमारी बौद्धिक यात्रा के सहयात्री हैं और हमारे ज्ञान केन्द्र के प्रकाशपुंज भी। इसलिए आप जहां कहीं भी हैं अपने–अपने क्षेत्र में डीएवी शिक्षण मण्डल का ही विस्तार कर रहे हैं।

पुरातन छात्र साथियों! आप सबके सहयोग से हमारी योजना आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के अन्तर्गत राष्ट्रीय जागरण और युवा मन को प्रभावित करने वाले सवालों पर सामूहिक संवाद आयोजित करने की है। आपको जानकर खुशी होगी कि यह वर्ष नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का उत्तरशती रजत जयंती वर्ष (125वीं) भी है। सुभाषचन्द्र बोस भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के न सिर्फ महत्वपूर्ण जननायक थे बल्कि भारतीय जनमन के भीतर राष्ट्रीय विवेक और क्रांतिकारी संघर्ष का जज्बा विकसित करने वाले सेनापति भी थे। उनका समझौता विहीन जीवन, विद्रोही चेतना और जनता के सवालों से जुड़ने की अभिलाषा से आज प्रेरणा लेने की जरूरत है बल्कि अपनी क्रांतिकारी विरासत से लापरवाह होती जाती पीढ़ी को याद दिलाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस उद्देश्य से हम डीएवी एल्युमनी एसोसिएशन द्वारा *सुभाषचन्द्र बोस उत्तरशती रजत जयंती समारोह* की योजना आपसे साझा कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि एल्युमनी एसोसिएशन और आप सभी साथियों के सहयोग से सुभाषचन्द्र बोस की स्मृति के बहाने राष्ट्रीय नवनिर्माण विषयक अपनी भावनाओं को हम परस्पर साझा करें और वर्तमान पीढ़ी को स्वाधीनता आंदोलन के वृहत्तर मूल्यों को समझने का अवसर प्रदान करें।

सुभाषचन्द्र बोस के 125वीं जयंती वर्ष के शुभ अवसर पर आप सबकी सामूहिक भागीदार से ही हम यह कार्यक्रम कर सकते हैं। आपकी सहभागिता हमारे परिसर में सृजनात्मक विचारों का आलोक सृजित करेगी। इस कार्यक्रम में एल्युमनी एसोसिएशन आपके आर्थिक और वैचारिक सहयोग की अपेक्षा रखती है। हमें उम्मीद है कि आप सभी साथियों का सहयोग अवश्य मिलेगा।

## डी.ए.वी. एल्यूमनी एसोसिएशन की कार्यकारिणी

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | : | प्रो. सत्यदेव सिंह, प्राचार्य |
| उपाध्यक्ष | : | 1. डॉ. विजय नाथ दूबे<br>2. डॉ. विनोद कुमार चौधरी |
| सचिव | : | डॉ. समीर कुमार पाठक |
| कोषाध्यक्ष | : | डॉ. ज्याउद्दीन |
| सदस्य | : | 1. डॉ. इन्द्रजीत मिश्र<br>2. डॉ. साक्षी चौधरी<br>3. डॉ. बन्दना बाल चन्दनानी<br>4. डॉ. सत्यार्थ बांधल<br>5. डॉ. मितिन आहूजा<br>6. श्री विजय कुमार शर्मा<br>7. श्री गौरव तिवारी<br>8. श्री हयात अहमद<br>9. डॉ. अमित कुमार पाण्डेय<br>10. कुमारी पूजा झां |

**(डॉ. पारूल जैन)**
समन्वयक–आईक्यूएसी
डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी

**(डॉ. समीर कुमार पाठक)**
संयोजक–एल्यूमनी एसोसिएशन
डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी